पर्व ▶ मकर संक्रांति पर नर्मदा घाटों में उमड़ा जनसैलाब,दिखा श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम

# शुभ मुहूर्त में लगाई आस्था की डुबकी



**नवभारत, जबलपुर।** भोर की पहली किरण के साथ ही पुण्य सलिला मां नर्मदा के घाटों पर श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। नए वर्ष के पहले पर्व मकर संक्रांति पर शहर के सभी प्रमुख नर्मदा घाटों में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। ठंड के बावजूद भक्तों के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी। शुभ मुहूर्त में श्रद्धालुओं ने नर्मदा स्नान कर पूजन-अर्चन किया और दान-पुण्य कर पुण्य लाभ अर्जित किया।



### परंपरा के अनुसार तिल से किया स्नान

सुबह से ही गौरीघाट, जिलहरीघाट, खारीघाट, दरोगाघाट, भेड़ाघाट, सरस्वती घाट और लम्हेटाघाट पर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें नजर आईं। परंपरा के अनुसार लोगों ने तिल से स्नान किया और स्नान उपरांत ब्राह्मणों, साधु-संतों एवं जरूरतमंदों को अन्न, वस्त्र व दान-दक्षिणा प्रदान की। हर-हर नर्मदे के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

### घाटों पर लगे मेले, उत्सव का रहा माहौल

मकर संक्रांति के अवसर पर नर्मदा घाटों पर मेले जैसा दृश्य रहा। घाटों तक जाने वाले मार्गों पर दोनों ओर अस्थायी दुकानें सजी थीं, जहां पूजन सामग्री, तिल-गुड़, खिलौने और खाने-पीने की चीजों की खूब खरीदारी हुई। बच्चों के लिए झूले और छोटे मनोरंजन साधन लगाए गए थे, जिनका उन्होंने जमकर आनंद लिया। सुबह से लेकर शाम तक घाटों पर लोगों की आवाजाही बनी रही और उत्सव का माहौल छाया रहा।

### प्रतिबंध के बावजूद हो रहा था नौकायान



मकर संक्रांति में नर्मदा घाटों पर उमड़ने वाली भीड़ और सुरक्षा के मद्देनजर जिला प्रशासन ने नौकायन प्रतिबंधित किया था। जिसका असर सुबह से दोपहर तक ही देखने को मिला, शाम होते-होते घाटों पर नौकायन का दौर शुरू हो गया था, जिससे प्रशासन द्वारा बनाए गए प्रतिबंधात्मक आदेश की धज्जियां उड़ते हुई नजर आई।

### निगमायुक्त ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश




मकर संक्रांति के पावन पर्व पर माँ नर्मदा के पावन तटों पर श्रद्धालुओं को स्वच्छ और व्यवस्थित माहौल मिले, इसके लिए सुबह- सुबह निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने स्वयं गौरीघाट पहुँचकर तैयारियों का सघन निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान घाटों पर गंदगी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निगमायुक्त ने अधिकारियों को बताया कि कचरा संग्रहण के लिए डस्टबिन की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इस दौरान उपायुक्त संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन, सहायक नोडल अधिकारी अभिनव मिश्रा, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल बारी, संभागीय अधिकारी पवन श्रीवास्तव, सीएसआई वैभव तिवारी आदि मौजूद थे।

### पुलिस-प्रशासन रहा मुस्तैद

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस-प्रशासन ने पहले से पुख्ता इंतजाम किए थे। नर्मदा घाटों की ओर बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई गई और पार्किंग की व्यवस्था घाटों से दूर की गई। जगह-जगह बैरियर लगाए गए थे। सुरक्षा के लिए तटों पर गोताखोर तैनात रहे और लाउड स्पीकर से लगातार एनाउंसमेंट होते रहे, जिससे व्यवस्था सुचारू बनी रही।

### इनका कहना है



मकर संक्रांति पर मां नर्मदा में स्नान करने से मन को बहुत शांति मिली। ठंड के बावजूद यहां आकर जो सुकून मिला, वह शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता।

**रघुदयाल तिवारी, श्रद्धालु**




सुबह स्नान के बाद दोस्तों के साथ पतंग उड़ाई। बचपन की यादें ताजा हो गईं। हर साल मकर संक्रांति का इंतजार रहता है।

**आयुष चौरसिया, युवा**



परंपरा के अनुसार तिल से स्नान कर दान किया। बच्चों के साथ घाटों पर मेला घूमकर बहुत अच्छा लगा, पूरा माहौल उत्सव जैसा था।

**मालती तिवारी, श्रद्धालु**



घाटों पर जबरदस्त भीड़ रही, लेकिन प्रशासन द्वारा यातायात व्यवस्था के चलते आसानी से घाट तक पहुंच गए। नर्मदा में स्नान कर पूजन- अर्चन किया।

**सीमा सोनी, श्रद्धालु**

## पांच रंगों की पतंगों से दिया कचरा प्रबंधन का अनूठा संदेश



नगर निगम जबलपुर द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू', नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, एम.आई.सी. सदस्य अंशुल राघवेंद्र यादव और निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार की उपस्थिति में पतंगबाजी के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि पारंपरिक पतंगबाजी को 'वेस्ट सेग्रिगेशन' (कचरा पृथक्करण) से जोड़ा गया। आकाश में लहराती पाँच अलग-अलग रंगों की पतंगों ने नागरिकों को यह समझाया कि अब कचरा केवल दो नहीं, बल्कि पाँच श्रेणियों में बाँटना आवश्यक है, जिसमें हरा मतलब गीला कचरा, नीला मतलब सूखा कचरा, पीला मतलब सेनेटरी कचरा, काला मतलब घरेलू हानिकारक कचरा, लाल मतलब इलेक्ट्रॉनिक कचरा। इस अवसर पर स्वच्छता के ब्रांड एम्बेस्डर अराध्या तिवारी और श्रेया खंडेलवाल की भी विशेष रूप से रही उपस्थिति। दोनो ब्रांड एम्बेस्डरों ने भी बच्चों के बीच जाकर स्वच्छता का संदेश दिया। इस मौके पर स्वदेशी पतंगों का उपयोग कर महापौर , निगमाध्यक्ष ने पार्क में खेल रहे बच्चों के बीच पतंगबाजी की और एक दूसरे को लड्डू खिलाकर मकर संक्रांति का आनंद उठाया।

## उत्तर मध्य विधानसभा के 5 मंडलों में आयोजित हुआ पतंग महोत्सव

उत्तर मध्य विधानसभा में विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय के संयोजन में विधानसभा के अंतर्गत संगठन को दृष्टि से आने वाले सभी पांचों मंडलों में भव्य पतंग महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में बच्चे,बड़े और बुजुर्गों ने सम्मिलित होकर एक दूसरे को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं प्रेषित की एवं पूरे उत्साह,उमंग और उल्लास के साथ पतंग महोत्सव मनाया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष रत्नेश सोनकर, भाजपा महामंत्री पंकज दुबे, शंकर श्रीवास्तव, मनीष जैन कल्लू, कमलेश अग्रवाल, पुष्पराज पाण्डेय,रवि वासवानी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की उपस्थिति रही।



## रांझी में धूमधाम से मना पतंग महोत्सव



मकर संक्रांति के अवसर पर रांझी स्थित लाला लाजपत राय वार्ड में परंपरागत पतंग महोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। आयोजन के दौरान नागरिकों को नि:शुल्क पतंगें वितरित की गईं और सामूहिक पतंग उड़ाने का आनंद लिया गया। आयोजन प्रमुख दीपक बारस्कर ने बताया कि यह महोत्सव वर्षों से निरंतर आयोजित हो रहा है, जिसका उद्देश्य सांस्कृतिक परंपराओं को जीवित रखना है। इस अवसर पर पार्षद राजेश यादव, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रविंद्र कुशवाहा, ब्लॉक अध्यक्ष आशुतोष वत्स, संजू ठाकुर, निर्मल चंद जैन, सौरभ यादव, देवेंद्र शर्मा, सचिन सेन, सुमित यादव, विनोद कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## जमकर उड़ी पतंगें, ताजा हुई बचपन की यादें



मकर संक्रांति पर शहर के आसमान में रंग-बिरंगी पतंगों ने खास रौनक बिखेरी। दोपहर से ही पतंगबाजी का सिलसिला शुरू हो गया था। छतों और मैदानों में बच्चों के साथ-साथ युवाओं और बुजुर्गों ने भी पतंग उड़ाई। सौरभ, नयन, आयुष ने बताया कि पेंच लड़ाते हुए लोगों ने अपने बचपन की यादें ताजा कीं। बाजारों में भी पतंग और मांझे की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ देखने को मिली।

### एक नजर में





## मौसम विज्ञान विभाग की आज 151 वीं वर्षगांठ

**नवभारत, जबलपुर।** मौसम की हर खबर से रूबरू कराने वाले मौसम विज्ञान विभाग आज 151 वीं वर्षगांठ मनाने जा रहा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग स्थापन दिवस मनाने के साथ आज सुबह 11 से शाम 4 बजे तक आमजनों एवं विद्यार्थियों के लिए मौसम कार्यालय सभी के लिए खुले रहेगे। जिसमें मौसम से संबंधित उपकरण की जानकारी डाटा कैसे एकत्रित किया जाता है इसकी जानकारी एवं रेडियो साउंड एवं रेडियो वेव जो की हवाई जहाज के लिए डाटा तापमान हवा की दिशा किस लेवल पर क्या तापमान रहेगा, कहां पर वेदर खराब मिलेगा, उपलब्ध कराता, बलून भरकर उसमें इंस्ट्रूमेंट लगाकर छोड़ जाता है समेत अन्य जानकारी प्रदान की जाएगी।

## कैप्सूल कोर्स व जनसंवर्धन बोर्ड लागू करने की मांग

**नवभारत,जबलपुर।** प्राइवेट मेडिकल प्रैक्टिशनर्स (पी.एम.पी.) डॉक्टर्स संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने भाजपा कार्यालय में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा से भेंट कर चिकित्सकों की प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने जनसंवर्धन बोर्ड को क्रियान्वित करने, आयुर्वेद चिकित्सा बोर्ड में पंजीकृत डॉक्टरों के नवीनीकरण तथा आपातकालीन स्थिति में एलोपैथिक दवाओं के उपयोग हेतु कैप्सूल कोर्स शुरू करने की मांग रखी। उपमुख्यमंत्री ने शीघ्र समाधान हेतु मुख्यमंत्री से चर्चा का आश्वासन दिया। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. चंद्रेश जैन, जिला अध्यक्ष डॉ. आर.डी. गुप्ता एवं जिला सचिव डॉ. मकसूद चिश्ती उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कैंट विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी, भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर व जिला महामंत्री पंकज दुबे का सहयोग रहा।

## डिजिटल तकनीक से कैशलेस ट्रांजेक्शन को मिला बढ़ावा

**नवभारत,जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल द्वारा भी यात्रियों को सुविधाजनक, सुरक्षित और आधुनिक भुगतान विकल्प उपलब्ध कराने हेतु विभिन्न डिजिटल माध्यमों को बढ़ावा दिया जा रहा है। पश्चिम मध्य रेल के तीनों मंडलों जबलपुर, भोपाल एवं कोटा में पीआरएस काउंटर्स, यूटीएस काउंटर्स तथा पार्सल कार्यालयों में पीओएस मशीनों के माध्यम से कैशलेस भुगतान की सुविधा में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। इसके साथ ही यात्रियों को यूपीआई भीम एवं मोबाइल टिकटिंग जैसे डिजिटल माध्यमों से टिकट खरीदने और भुगतान करने के लिए भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। चालू वित्तीय वर्ष के दिसम्बर माह में पश्चिम मध्य रेल ने पीआरएस एवं यूटीएस के माध्यम से 14 लाख 67 हजार 623 यात्रियों से 12 करोड़ 11 लाख 84 हजार 158 रुपये का कैशलेस ट्रांजेक्शन के माध्यम से रेलवे राजस्व अर्जित किया है।

## करोड़ों का ऑरिजनेटिंग रेवेन्यू अर्जित


**नवभारत,जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मण्डलों के यात्री यातायात में निरंतर वृद्धि हो रही है। महाप्रबंधक के मार्गदर्शन में बेहतर प्रदर्शन करते हुए पश्चिम मध्य रेल ने चालू वित्तीय वर्ष के दिसम्बर माह में यात्री यातयात से 219 करोड़ 90 लाख रूपये ऑरिजनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया, जो पिछले वर्ष इसी माह के रेवेन्यू 194 करोड़ 72 लाख रूपये की तुलना में लगभग 13 प्रतिशत अधिक है। इस दौरान आरक्षित एवं अनारक्षित मिलाकर कुल 94 लाख 01 हजार यात्रियों ने यात्रा की जो गत वर्ष इसी माह की तुलना में लगभग 07 प्रतिशत अधिक है। इसी प्रकार दिसम्बर माह में यात्री यातयात से मंडल वाइस बात करे तो जबलपुर मण्डल ने 34 लाख 13 हजार यात्रियों से रूपये 83 करोड़ 56 लाख, भोपाल मण्डल ने 34 लाख 30 हजार यात्रियों से रूपये 86 करोड़ 69 लाख एवं कोटा मण्डल ने 25 लाख 58 हज़ार यात्रियों से रूपये 49 करोड़ 65 लाख ऑरिजनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया है।

## जातीय भेदभाव बढ़ाने वाले अधिवक्ता के खिलाफ कार्यवाही करने ज्ञापन भेजा



**जबलपुर, नवभारत।** मप्र उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष धन्य कुमार जैन की अध्यक्षता में आयोजित की गई बैठक जिसमें सर्व सम्मति से यह निर्णय पारित किया गया कि अधिवक्ताओं के बीच में जातीय भेदभाव को दुर्भावनापूर्वक बढ़ाने के आशय से झूठी शिकायत करने वाले अधिवक्ता रूप सिंह मरावी के विरुद्ध शिकायत की निष्पक्ष जांच कर उसके विरूद्ध निर्दोष अधिवक्ताओं की झूठी शिकायत दर्ज कराने का प्रकरण दर्ज कराया जाए एवं उसकी सदस्यता को समाप्त करने हेतु नोटिस जारी किया जाए, साथ ही सोशल मीडिया पर अधिवक्ता समुदाय के भीतर दुर्भावना उत्पन्न करने वाले अधिवक्ता विनायक शाह की सदस्यता समाप्त करने हेतु नोटिस जारी किया जाए। बुधवार को हुई इस मीटिंग में एडवोकेट बार एसोसिएशन के प्रेसिडेंट संजय अग्रवाल के साथ समस्त कार्यकारिणी, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मनीष मिश्रा उपस्थित थे मीटिंग के दौरान ही सैकड़ों अधिवताओं के द्वारा दोषी अधिवक्ताओं के विरुद्ध जिन्होंने जातिगत विद्वेष फैलाने का काम कोर्ट कैंपस में अधिवक्ताओं के बीच किया है, उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही हेतु एक ज्ञापन भी प्रस्तुत किया गया। यह प्रस्ताव की प्रति निष्पक्ष कार्यवाही हेतु एसपी ऑफिस को भी भेजी गई है।

## मन की स्थिति बदलने से बदलता है जीवन



**नवभारत,जबलपुर।** गुणायतन प्रणेता मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज ने 'आत्मबोध से आनंद की यात्रा' विषय पर प्रवचन देते हुए कहा कि परिस्थितियाँ हमारे कर्मों के अधीन होती हैं, लेकिन मन:स्थिति हमारे अपने नियंत्रण में होती है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति वस्तु, व्यक्ति और परिस्थिति में सुख खोजता है, जबकि वास्तविक सुख आत्मबोध में निहित है। मुनि श्री ने उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि प्रशंसा और आलोचना से प्रभावित होना अज्ञान का संकेत है।कार्यक्रम में प्रात: 8:40 बजे प्रवचन एवं दोपहर 2:45 बजे शंका समाधान सत्र आयोजित हो रहा है। प्रवक्ता अविनाश जैन एवं सुवोध कामरेड ने जानकारी दी कि गुरुवार के प्रवचन का विषय 'रिश्तों की डोर - अपेक्षा कम, प्रेम ज्यादा' रहेगा। कार्यक्रम का संचालन अमित पड़रिया ने किया।

## वीर सावरकर के साहित्य पर व्याख्यान



**नवभारत,जबलपुर।** मराठी साहित्य अकादमी एवं दत्त भजन मंडल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मकर संक्रमण व्याख्यानमाला में मुंबई से आए नरेंद्र पाठक ने 'वीर सावरकर का साहित्य – कल, आज और कल' विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि वीर सावरकर ने मराठी व अंग्रेज़ी में 11,500 से अधिक पृष्ठों का मौलिक साहित्य रचा। कार्यक्रम का शुभारंभ लोकमान्य तिलक की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुआ। अतिथि स्वागत सदानंद गोडबोले, डॉ. शिरीष नाईक, विजय भावे, भास्कर वर्तक, वर्षा दांडेकर एवं अभय गोरे ने किया। आभार प्रदर्शन विश्वास पाटणकर ने किया।

## चैरिटी क्रिकेट टूर्नामेंट आज से

**नवभारत,जबलपुर।** रोटरी क्लब ऑफ जबालीपुरम द्वारा सामाजिक सेवा भावना के अंतर्गत चैरिटी क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 15 से 18 जनवरी 2026 तक महाकौशल कॉलेज क्रिकेट ग्राउंड, सिविल लाइंस में किया जा रहा है। यह टूर्नामेंट अपने पांचवें सीजन में प्रवेश कर चुका है। क्लब अध्यक्ष रोटेरियन मयंक अरोड़ा, इवेंट चेयरमैन रोटेरियन अंकुर महेश्वरी, वाइस प्रेसिडेंट रोटेरियन प्रसून मिश्रा के नेतृत्व में इस वर्ष नेत्रहीन कन्या शाला को बेड एवं वस्त्र उपलब्ध कराने का संकल्प लिया गया है। उद्घाटन समारोह आज प्रात: 9 बजे होगा, जिसमें राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तंखा सहित कई जनप्रतिनिधि व रोटेरियन उपस्थित रहेंगे।

## 200 चिकित्सकों ने लिया प्रशिक्षण, क्विज में दिखा उत्साह

▶ एनएससीबी मेडिकल कॉलेज में मैकेनिकल वेंटिलेशन पर सीएमई आयोजित



**नवभारत,जबलपुर।** एनएससीबी मेडिकल कॉलेज एवं सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, जबलपुर के एनेस्थीसिया विभाग द्वारा 11 जनवरी 2026 को 'यांत्रिक वेंटिलेशन की मूल बातें' विषय पर सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. सुबोध चतुर्वेदी ने मैकेनिकल वेंटिलेशन के विभिन्न पहलुओं को सरल एवं व्यावहारिक उदाहरणों से समझाया। कार्यक्रम में 200 से अधिक डॉक्टरों ने सहभागिता की तथा क्विज प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर डीन डॉ. नवनीत सक्सेना, प्रभारी डीन डॉ. राजेश तिवारी, डायरेक्टर डॉ. अवधेश कुशवाह, अधीक्षक डॉ. जितेंद्र गुप्ता, विभागाध्यक्ष डॉ. आशीष सेठी एवं डॉ. अपर्णा तामस्कर उपस्थित रहे। अन्य वक्ता डॉ. जया उपाध्याय व डॉ. शुभा सिंघई रहीं। कार्यक्रम संयोजक डॉ. अमित जैन थे।

शिविर ▶ कलेक्टर की पहल पर 13 पंचायतों में लगा उद्यम संस्कार शिविर

# युवाओं को मिला उद्यम स्थापना का मार्गदर्शन



**नवभारत,जबलपुर।** जिले के ग्रामीण युवाओं में उद्यमिता विकसित करने और उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से बुधवार को 13 ग्राम पंचायतों में उद्यम संस्कार शिविर आयोजित किए गए। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की पहल पर चल रहे इन शिविरों के माध्यम से युवाओं को हर बुधवार उद्यम स्थापना, बाजार की संभावनाओं और शासकीय योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक विनीत रजक ने बताया कि शिविरों में विषय विशेषज्ञों ने बाजार आधारित इकाइयों के चयन और उत्पादों की मार्केटिंग के गुर सिखाए। साथ ही, युवाओं से विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के आवेदन भी प्राप्त किए गए। बुधवार को जबलपुर, पनागर, पाटन, मझौली, शहपुरा, सिहोरा एवं कुंडम विकासखंड की पंचायतों में शिविर लगाए गए। शहपुरा विकासखंड के ग्राम बेलखेड़ा में आयोजित शिविर में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक गहलोत ने युवाओं को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जनपद पंचायत शहपुरा की सीईओ सौम्या जैन एवं उद्यानिकी विभाग की उप संचालक डॉ. नेहा पटेल भी उपस्थित थे।




## मनाया गया इंटरनेशनल इनरव्हील डे

**नवभारत,जबलपुर।** इनरव्हील क्लब जबलपुर साउथ ने इंटरनेशनल इनरव्हील डे के 102 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया। कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज सेवा के साथ-साथ लोगों को इनरव्हील क्लब की गतिविधियों और मूल्यों से अवगत कराना रहा। प्रथम दिन क्लब सदस्यों ने वृद्धाश्रम में जाकर वृद्ध महिलाओं के साथ भजन-कीर्तन किया और उनके साथ आत्मीय समय बिताया। इसके बाद सरस्वती शिशु मंदिर में विद्यार्थियों के लिए आनंद मेले का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर क्लब में नए सदस्य को भी शामिल किया गया। साथ ही जबलपुर के अन्य इनरव्हील क्लबों के साथ सामूहिक पिकनिक का आयोजन कर आपसी सहयोग और महिला सहभागिता को बढ़ावा दिया गया। कार्यक्रम में क्लब की अध्यक्षा मधु अग्रवाल, सचिव इति गुप्ता सहित स्वाति, श्रुति, मंचू, अनामिका, अंजू, गरिमा, ममता, मनीषा एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहीं।